Prepp
Your Personal Exams Guide

# UGC NET PAPER 3 NOVEMBER 05, 2017 SHIFT 1 FOLK LITERATURE QUESTION PAPER

Note : This paper contains **seventy five (75)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are **compulsory**.

1. Which of the religious texts of Hinduism deal with Cosmogony, Cosmology any Cosmic Cycles ?
(1) Itihasas (2) Puranas (3) Vedas (4) Upanishads

2. 'Buffalo horn dance', which projects rehearsals for war, is performed by :
(1) Garo (2) Chakma (3) Oraon (4) Mizo

3. During which festival lathi-wielding devotees hit each other on the heads to commemorate the killing of a demon by Siva ?
(1) Maha Sivaratri (2) Holi (3) Dussehra (4) Baisakhi

4. 'Adage' is a synonym for :
(1) Proverb (2) Joke (3) Riddle (4) Ballad

5. To give an overview of relevant theories and concepts for your research is done as part of :
(1) Correlation Method (2) Literature Survey
(3) Fieldwork Survey (4) Random Sampling

6. 'Belief that gods are only deitified men' is known as :
(1) Anthropomorphism (2) Ego theism
(3) Theopantheism (4) Anthropotheism

7. Which community follows the practice of burying the dead in a sitting posture resembling "dhyana mudra" ?
(1) Vellalar (2) Lingayat (3) Khatri (4) Gurjar

8. 'Kolatam', a folk dance of Andhra Pradesh is having its equivalence in Gujarat in :
(1) Padhar (2) Tippani (3) Bhavai (4) Dandiaraas

9. Who defined Folklore as "a body of knowledge, a mode of thought, or a kind of art" ?
(1) Alan Dundes (2) Dan Ben-Amos
(3) Richard Bouman (4) Americo paredes

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचहत्तर** (75) बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

1. हिंदुओं के कौन से धर्म-शास्त्र विश्वोत्पत्ति, ब्रह्मांडिकी तथा सृष्टि-चक्र का वर्णन करते हैं ?
   (1) इतिहास (2) पुराण (3) वेद (4) उपनिषद

2. युद्ध के पूर्वाभ्यास के प्रतीक के रूप में किया जाने वाला बैल-सींग-नृत्य कौन लोग प्रदर्शित करते हैं ?
   (1) गारो (2) चकमा (3) ओरांव (4) मिजो

3. किस त्योहार के दौरान लाठी भांजने वाले श्रद्धालु एक-दूसरे के सिर पर प्रहार कर शिव द्वारा एक दैत्य के वध का स्मरण कराते हैं ?
   (1) महा शिवरात्रि (2) होली (3) दशहरा (4) बैसाखी

4. 'कहावत' किसका पर्याय है ?
   (1) लोकोक्ति (2) परिहास (3) पहेली (4) गाथा गीत

5. शोध के लिए प्रासंगिक सिद्धांतों तथा धारणाओं का विहंगावलोकन किस रूप में किया जाता है ?
   (1) सहसंबंध पद्धति (2) साहित्य सर्वेक्षण
   (3) क्षेत्रकार्य सर्वेक्षण (4) यादृच्छिक प्रतिचयन

6. "यह मान्यता कि ईश्वर दैवीकृत मनुष्य ही है" किस रूप में जाना जाता है ?
   (1) मानवत्वारोपण (2) अहम्‌देववाद
   (3) देवसत्यवाद (4) नृजातिदेववाद

7. किस समुदाय में मृतक को बैठा कर दफन करने की प्रथा प्रचलित है, मानो वह 'ध्यान की मुद्रा में हो।'
   (1) वेल्लालर (2) लिंगायत (3) खत्री (4) गुर्जर

8. आंध्र प्रदेश के लोक नृत्य 'कोलाटम' का एक समरूप गुजरात में भी प्रचलित है, जिसे कहते हैं :
   (1) पढर (2) टिप्पनी (3) भवई (4) डांडिया रास

9. अपनी परिभाषा में लोक वार्ता को किसने "ज्ञान का निकाय, विचार की रीति या एक प्रकार की कला" कहा है ?
   (1) एलन डुंडीस (2) डान बेन एमोस
   (3) रिचर्ड बाउमैन (4) एमेरिको पेरेडेस

Prepp
Your Personal Exams Guide

10. A word formed from the initial letters or Syllables of other words is termed as :
(1) Cryptonym (2) Antonym (3) Paronym (4) Acronym

11. Who opined that under the conditions of socialist reality, folklore assumes new forms and becomes new both in quality and content ?
(1) Soviet folklorists (2) Finnish folklorists
(3) British folklorists (4) French folklorists

12. The approach that works towards constructing genre and text type histories is termed as :
(1) Synchronic Approach (2) Syntagmatic Approach
(3) Diachronic Approach (4) Paradigmatic Approach

13. 'Saga' is a medieval narrative genre of :
(1) Scandinavia (2) Bolivia (3) Yugoslavia (4) Serbia

14. A political system in which people of different races are segregated is termed as :
(1) Holocaust (2) Racist
(3) Ethnic Nationalism (4) Apartheid

15. The school of thought that viewed the Indo-European language roots as the basis for the ancient cultures is :
(1) Comparative Etymology (2) Comparative Aetiology
(3) Comparative Philology (4) Comparative Phonology

16. Which of the Shaivite Sect follow the practice of necrophagy ?
(1) Vira Shaiva (2) Pasupata (3) Goraknath (4) Aghori

17. The method of bricolage used for the data to understand its structure with a priori formula is known as :
(1) Syntagmatic Structuralism (2) Paradigmatic Structuralism
(3) Synchronic Structuralism (4) Pragmatic Structuralism

18. 'Khayal' is a folk dance whose content is ascribed to two of the following texts :
(a) Matsya Purana (b) Ramayana (c) Mahabharata (d) Bhagavat Gita

**Code :**

(1) (b) and (c) are correct (2) (a) and (c) are correct
(3) (a) and (d) are correct (4) (c) and (d) are correct

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

10. किसी शब्द के प्रारंभिक अक्षरों अथवा वर्णों से बनने वाले शब्द को क्या कहते हैं ?
(1) कूट शब्द (2) विलोम शब्द (3) यमक (4) परिवर्णी शब्द

11. यह विचार किसने व्यक्त किया है कि समाजवादी यथार्थ की स्थितियों में लोकवार्ता नया आकार ग्रहण करती है तथा गुण और अंतर्वस्तु दोनों में नई हो जाती है।
(1) सोवियत लोकवार्ता विज्ञानी (2) फिनिश लोकवार्ता विज्ञानी
(3) ब्रिटिश लोकवार्ता विज्ञानी (4) फ्रांसीसी लोकवार्ता विज्ञानी

12. दैनिक जीवन चित्रण के निर्माण के प्रयास वाले दृष्टिकोण तथा पाठ प्ररूप वाले इतिहास को क्या कहते हैं ?
(1) एककालिक दृष्टिकोण (2) विन्यास क्रमात्मक दृष्टिकोण
(3) कालक्रमिक दृष्टिकोण (4) रूपावली संबंधी दृष्टिकोण

13. 'सागा' कहां की मध्य युगीन आख्यान-विधा है ?
(1) स्कैंडेनेविया (2) बोलिविया (3) यूगोस्लाविया (4) सर्बिया

14. ऐसी राजनीतिक प्रणाली जिसमें लोगों को नस्ल के आधार पर अलगाया जाता है, उसे क्या कहते हैं ?
(1) सर्वनाश (2) जातिवादी
(3) नृजातीय राष्ट्रवाद (4) रंगभेदी

15. भारोपीय भाषाओं के मूल को प्राचीन संस्कृतियों का आधार मानने वाले विचारकों की विचारधारा को क्या कहते हैं ?
(1) तुलनात्मक व्युत्पत्तिशास्त्र (2) तुलनात्मक कारणविज्ञान
(3) तुलनात्मक वाङ्मीमांसा (4) तुलनात्मक स्वनप्रक्रिया

16. निम्नलिखित में से कौन सा शैव संप्रदाय 'शवरति' की प्रथा का अनुकरण करता है ?
(1) वीर शैव (2) पाशुपत (3) गोरखनाथ (4) अघोरी

17. किसी आद्य सूत्र की सहायता से सामग्री की संरचना को समझने की खंडचित्र पद्धति को क्या कहते हैं ?
(1) विन्यास क्रमात्मक संरचनावाद (2) रूपावली आधारित संरचनावाद
(3) एककालिक संरचनावाद (4) प्रयोजनात्मक संरचनावाद

18. 'खयाल' एक लोक नृत्य है, जिसकी विषयवस्तु निम्नलिखित में से किन दो ग्रंथों से संबंधित है ?
(a) मत्स्य पुराण (b) रामायण (c) महाभारत (d) भगवत् गीता

**कूट :**
(1) (b) और (c) सही हैं (2) (a) और (c) सही हैं
(3) (a) और (d) सही हैं (4) (c) और (d) सही हैं

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

19. According to evolution theoreticians, "Folk" denotes two of the following.

(a) Survivals (b) Cannibals (c) Noble Savage (d) Noble barbarians

Code :

(1) (b) and (c) are correct (2) (b) and (d) are correct
(3) (a) and (c) are correct (4) (c) and (d) are correct

20. The operation of 'Oral Transmission' is subject to the abstract principles of :

(a) Continuity (b) Variation (c) Innovation (d) Selection

Code :

(1) (a), (b) and (d) are correct (2) (b), (c) and (d) are correct
(3) (b) and (c) are correct (4) (a) and (d) are correct

21. Identify the folklorist who published on sacred complexes and a folksong tradition respectively :

(a) Birendranath Datta (b) L.P. Vidyarthi
(c) Praphulladatta Goswami (d) Devendra Satyarthi

Code :

(1) (b) and (c) are correct (2) (b) and (d) are correct
(3) (a) and (c) are correct (4) (c) and (d) are correct

22. Identify the American folklorist who worked on Indian Ballad tradition and folksong tradition respectively :

(a) Brenda Beck (b) Ruth Finnegan
(c) Margaret Trawiek (d) Margaret Mead

Code :

(1) (b) and (c) are correct (2) (b) and (d) are correct
(3) (a) and (c) are correct (4) (c) and (d) are correct

23. Identify a popular dance form and a theatrical form from the North Indian folk traditions.

(a) Rouf (b) Naqual (c) Kundheinata (d) Lavani

Code :

(1) (b) and (c) are correct (2) (a) and (b) are correct
(3) (a) and (d) are correct (4) (c) and (d) are correct

24. 'Manaism' is the study related to :

(a) Cosmology (b) Primitive Religion
(c) Nature Worship (d) Ancestral Worship

Code :

(1) (b) and (c) are correct (2) (a) and (c) are correct
(3) (a) and (d) are correct (4) (b) and (d) are correct

19. विकासवादी सिद्धांतकारों के अनुसार 'लोक' के दो अर्थ निकलते हैं :

(a) उत्तर जीवित (b) नरभक्षी (c) अभिजात वनवासी (d) अभिजात बर्बर

**कूट :**

(1) (b) और (c) सही हैं। (2) (b) और (d) सही हैं।

(3) (a) और (c) सही हैं। (4) (c) और (d) सही हैं।

20. 'मौखिक प्रसार' का प्रचालन निम्न में से किन के अमूर्त सिद्धांत का विषय है?

(a) निरंतरता (b) विचरण (c) नवोद्भावन (d) चयन

**कूट :**

(1) (a), (b) और (d) सही हैं। (2) (b), (c) और (d) सही हैं।

(3) (b) और (c) सही हैं। (4) (a) और (d) सही हैं।

21. निम्नलिखित में से किस लोकवार्ता शास्त्री ने पवित्र स्थलों तथा लोकगीतों की परंपरा पर लेखन किया है?

(a) बीरेंद्रनाथ दत्ता (b) एल.पी. विद्यार्थी

(c) प्रफुल्लदत्त गोस्वामी (d) देवेंद्र सत्यार्थी

**कूट :**

(1) (b) और (c) सही हैं (2) (b) और (d) सही हैं

(3) (a) और (c) सही हैं (4) (c) और (d) सही हैं

22. निम्न में से किस अमेरिकी लोक वार्ताकार ने क्रमशः भारतीय गाथा काव्य परंपरा तथा लोकगीत परंपरा पर काम किया है?

(a) ब्रेंडा बीक (b) रूथ फिनेगन (c) मार्गरेट ट्राविक (d) मार्गरेट मीड

**कूट :**

(1) (b) और (c) सही हैं (2) (b) और (d) सही हैं

(3) (a) और (c) सही हैं (4) (c) और (d) सही हैं

23. निम्न में से कौन उत्तर भारत के लोकप्रिय नृत्य रूप तथा नाट्य रूप हैं?

(a) रऊफ (b) नक्काल (c) कुंधैनटा (d) लावणी

**कूट :**

(1) (b) और (c) सही हैं (2) (a) और (b) सही हैं

(3) (a) और (d) सही हैं (4) (c) और (d) सही हैं

24. 'परा शारीरिक' (मानाइज़्म) किन से संबंधित अध्ययन है?

(a) ब्रह्मांडिकी (b) आदिम धर्म

(c) प्रकृति पूजा (d) पितृ पूजा

**कूट :**

(1) (b) और (c) सही हैं (2) (a) और (c) सही हैं

(3) (a) और (d) सही हैं (4) (b) और (d) सही हैं

Prepp
Your Personal Exams Guide

25. The concepts of Folklorism and Public Folklore are associated with :

(a) Regina Bendix | (b) Benjamin Botkin
(c) Barbara Babeock | (d) Felix Oinas

Code :

(1) (a) and (c) are correct | (2) (a) and (b) are correct
(3) (b) and (d) are correct | (4) (c) and (d) are correct

26. The term 'Cacography' refers to :

(a) Illegible dialect | (b) Bad Language
(c) Bad Spelling | (d) Illegible handwriting

Code :

(1) (a) and (c) are correct | (2) (a) and (b) are correct
(3) (b) and (d) are correct | (4) (c) and (d) are correct

27. Identify the diachronic theories of folklore :

(a) Functionalism | (b) Psychoanalytical
(c) Polygenesis | (d) Devolution

Code :

(1) (b) and (c) are correct | (2) (c) and (d) are correct
(3) (a) and (c) are correct | (4) (a) and (d) are correct

28. Identify the correct group of folklorists.

(a) Claude Bremond and Kongas Maranda
(b) Alan Dundes and Edward Said
(c) Bruce Jackson and Kenneth Goldstein
(d) James Mill and Stith Thompson

Code :

(1) (b) and (c) are correct | (2) (c) and (d) are correct
(3) (a) and (c) are correct | (4) (a) and (d) are correct

29. As a literary rhetorical device, 'Epithet' refers to a short poetic nickname often in the form of an adjective attached to the normal name and includes :

(a) Antonomasia | (b) Archetypal Onoma
(c) Onomatopoeia | (d) Polyonymous

Code :

(1) (a) and (b) are correct | (2) (a) and (c) are correct
(3) (b) and (c) are correct | (4) (c) and (d) are correct

25. लोकवार्तावाद तथा जन लोकवार्ता की अवधारणा किन विद्वानों से संबंधित है ?

(a) रेजिना बेंडिक्स
(b) बेंजामिन बाट्किन
(c) बार्बरा बाबकॉक
(d) फेलिक्स वायनस

**कूट :**

(1) (a) और (c) सही हैं
(2) (a) और (b) सही हैं
(3) (b) और (d) सही हैं।
(4) (c) और (d) सही हैं।

26. 'दुर्लेखन' (कैकोग्राफी) नाम किन से संबंधित है ?

(a) खराब उपभाषा
(b) खराब भाषा
(c) खराब वर्तनी
(d) अपाठ्य हस्तलेख

**कूट :**

(1) (a) और (c) सही हैं
(2) (a) और (b) सही हैं
(3) (b) और (d) सही हैं
(4) (c) और (d) सही हैं

27. लोकवार्ता के काल क्रमिक सिद्धांतों की पहचान करें :

(a) प्रकार्यवाद
(b) मनोविश्लेषणात्मक
(c) बहुउद्भववाद
(d) अवक्रमण

**कूट :**

(1) (b) और (c) सही हैं
(2) (c) और (d) सही हैं
(3) (a) और (c) सही हैं
(4) (a) और (d) सही हैं

28. लोकवार्ताकारों के सही समूह की पहचान करें :

(a) क्लॉड ब्रेमोंड तथा कोंगस मरांडा
(b) एलन डुंडीस तथा एडवर्ड सईद
(c) ब्रूस जैक्सन तथा केनेथ गोल्डस्टीन
(d) जेम्स मिल तथा स्टिथ थाम्पसन

**कूट :**

(1) (b) और (c) सही हैं
(2) (c) और (d) सही हैं
(3) (a) और (c) सही हैं
(4) (a) और (d) सही हैं

29. किसी साहित्यिक आलंकारिक युक्ति के रूप में 'एपिथेट' का मतलब वह छोटा काव्यात्मक उपनाम है, जो किसी विशेष प्रयोजन से मूल नाम के साथ संयुक्त होता है और जिसमें शामिल होते हैं :

(a) प्रतिनाम
(b) आद्यरूपीय नामिता
(c) ध्वनि अनुकरणात्मक
(d) बहुनामीय

**कूट :**

(1) (a) और (b) सही हैं
(2) (a) और (c) सही हैं
(3) (b) और (c) सही हैं
(4) (c) और (d) सही हैं

Prepp
Your Personal Exams Guide

30. The concept of folklorismus and Applied folklore are associated with :

(a) Roger Abrahams (b) Hans Moser
(c) Alan Dundes (d) Benjamin Botkin

Code :

(1) (a) and (c) are correct (2) (a) and (b) are correct
(3) (b) and (d) are correct (4) (c) and (d) are correct

31. **Assertion (A) :** According to Paul Ricoeur human beings experience time in two different ways.

**Reason (R) :** Phenomenological time is in linear succession and cosmological time is oriented as 'Past - Present - Future'.

Code :

(1) (A) is true and (R) is false (2) Both (A) and (R) are false
(3) (A) is false and (R) is true (4) Both (A) and (R) are true

32. **Assertion (A) :** Freud analysed dreams on the basis of the manifest content of dream images, while Jung focussed on the underlying content of the dreams.

**Reason (R) :** Dreams reveal more than they conceal. They are a natural expression of our imagination and use mythic narratives.

Code :

(1) Both (A) and (R) are false.
(2) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation.
(3) (A) is false and (R) is true and (R) is not the correct explanation.
(4) (A) is true and (R) is false.

33. **Assertion (A) :** Terukuttu is a street theatre form from Telangana State.

**Reason (R) :** Terukuttu performance centre on the enactment of personal narratives having political satire.

Code :

(1) Both (A) and (R) are false. (2) Both (A) and (R) are true.
(3) (A) is false and (R) is true. (4) (A) is true and (R) is false.

34. **Assertion (A) :** Malinowski defined the contextual specification of meaning as part of his ethnography theory of language .

**Reason (R) :** A very important distinction exists in ethnography of language between the context of situation and the context of culture.

Code :

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation.
(2) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation.
(3) (A) is false and (R) is true.
(4) (A) is true and (R) is false.

Prepp
Your Personal Exams Guide

30. लोकवार्तावाद तथा अनुप्रयुक्त लोकवार्ता की अवधारणा किस से संबंधित है ?

(a) रोजर अब्राहम्स (b) हैंस मोजर

(c) एलन डुंडीस (d) बेंजामिन बाटकिन

**कूट :**

(1) (a) और (c) सही हैं (2) (a) और (b) सही हैं

(3) (b) और (d) सही हैं (4) (c) और (d) सही हैं

31. **अभिकथन (A) :** पॉल रिकर के अनुसार मानव जाति समय का अनुभव दो भिन्न प्रकार से करती है।

**तर्क (R) :** परिघटना विज्ञान संबंधी समय रेखीय अनुक्रमण में तथा ब्रह्मांडीय समय 'अतीत – वर्तमान – भविष्य' में अभिविन्यस्त है।

**कूट :**

(1) (A) सही तथा (R) गलत है (2) (A) तथा (R) दोनों गलत हैं

(3) (A) गलत है तथा (R) सही है (4) (A) और (R) दोनों सही हैं

32. **अभिकथन (A) :** फ्रायड ने व्यक्त अंतर्वस्तु के आधार पर स्वप्न विश्लेषण किया, जबकि युंग ने स्वप्नों की अंतर्वस्तु के छुपे अर्थ पर अपना विश्लेषण केंद्रित किया।

**तर्क (R) :** स्वप्न जितना छुपाते हैं, उससे अधिक बातें उजागर करते हैं। वे हमारी कल्पनाओं की स्वाभाविक अभिव्यक्ति हैं और मिथकीय आख्यानों का प्रयोग करते हैं।

**कूट :**

(1) (A) तथा (R) दोनों गलत हैं।

(2) (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या है।

(3) (A) गलत है और (R) सही है और (R) सही व्याख्या नहीं है।

(4) (A) सही है तथा (R) गलत है।

33. **अभिकथन (A) :** तेरुकुट्टु तेलंगाना राज्य के नुक्कड़ नाटक का एक रूप है।

**तर्क (R) :** तेरुकुट्टु का प्रदर्शन राजनीतिक व्यंग्य वाले निजी आख्यान पर केंद्रित होता है।

**कूट :**

(1) (A) तथा (R) दोनों गलत हैं। (2) (A) तथा (R) दोनों सही हैं।

(3) (A) गलत तथा (R) सही है। (4) (A) सही और (R) गलत है।

34. **अभिकथन (A) :** मेलिनोवस्की ने अर्थ की संदर्भगत विशिष्टता को, भाषा के अपने नृजातीय सिद्धांत के एक हिस्से के रूप में पारिभाषित किया।

**तर्क (R) :** भाषा की नृजातीयता में संदर्भ की स्थिति और संस्कृति के प्रसंग में एक अत्यंत महत्वपूर्ण अंतर मौजूद होता है।

**कूट :**

(1) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, किंतु (R) सही व्याख्या नहीं है।

(2) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, और (R) सही व्याख्या है।

(3) (A) गलत है, और (R) सही है।

(4) (A) सही है, किंतु (R) गलत है।

35. Assertion (A) : A pilgrimage is a displacement of individuals from their local communities for a temporary time frame.

Reason (R) : According to Victor Turner, pilgrimage has a tripartite rite of passage experience.

Code :

(1) (A) is false and (R) is true. (2) Both (A) and (R) are false.

(3) (A) is true and (R) is false. (4) Both (A) and (R) are true.

36. Assertion (A) : Counter narrative is a narrative that explains a different version and opposes an existing dominant narrative.

Reason (R) : Counter narrative offers a society legitimation through a process of repelling.

Code :

(1) Both (A) and (R) are false. (2) (A) is true and (R) is false.

(3) (A) is false and (R) is true. (4) Both (A) and (R) are true.

37. Assertion (A) : A living language is a concrete fact, grammar is its abstract substratum.

Reason (R) : Not a single concrete fact can be studied without the study of the abstract base.

Code :

(1) (A) is true and (R) is false. (2) (R) is true and (A) is false.

(3) Both (A) and (R) are true. (4) Both (A) and (R) are false.

38. Assertion (A) : Sassure contended that language must be considered as a social phenomenon, a structured system.

Reason (R) : Language can be viewed synchronically and diachronically.

Code :

(1) Both (A) and (R) are false. (2) Both (A) and (R) are true.

(3) (A) is true and (R) is false. (4) (A) is false and (R) is true.

39. Assertion (A) : Contextual folklorists leaning towards verbal behaviour, functionalism, role - playing and ego mechanisms applied these perspectives to the folklore traditions.

Reason (R) : Contextual studies aim at introducing the holistic rather than atomistic study of the unique social experience.

Code :

(1) (A) is false and (R) is true. (2) (A) is true and (R) is false.

(3) Both (A) and (R) are false. (4) Both (A) and (R) are true.

Prepp
Your Personal Exams Guide

35. **अभिकथन (A) :** तीर्थाटन व्यक्तियों का अपने स्थानीय समुदाय से एक निश्चित समय के लिए अस्थायी विस्थापन है।

**तर्क (R) :** विक्टर टर्नर के अनुसार तीर्थाटन एक त्रिपक्षीय यात्रा-संस्कार अनुभव है।

**कूट :**

(1) (A) गलत है और (R) सही है। (2) (A) और (R) दोनों गलत हैं।

(3) (A) सही हैं और (R) गलत है। (4) (A) तथा (R) दोनों सही हैं।

36. **अभिकथन (A) :** प्रति आख्यान एक ऐसा आख्यान है, जो एक अलग संस्करण की व्याख्या करता है तथा वर्तमान प्रभुत्वशाली संस्करण का विरोध करता है।

**तर्क (R) :** प्रति आख्यान निवारण की प्रक्रिया द्वारा सामाजिक वैधता प्रदान करता है।

**कूट :**

(1) (A) तथा (R) दोनों गलत हैं। (2) (A) सही है, पर (R) गलत है।

(3) (A) गलत है, पर (R) सही है। (4) (A) तथा (R) दोनों सही हैं।

37. **अभिकथन (A) :** कोई भी जीवित भाषा एक ठोस तथ्य है और व्याकरण उसका अमूर्त स्तर।

**तर्क (R) :** अमूर्त आधार के अध्ययन के बिना एक भी ठोस तथ्य का अध्ययन नहीं किया जा सकता।

**कूट :**

(1) (A) सही है, पर (R) गलत है। (2) (R) सही है और (A) गलत है।

(3) (A) तथा (R) दोनों सही हैं। (4) (A) तथा (R) दोनों गलत हैं।

38. **अभिकथन (A) :** सस्युर की मान्यता है कि भाषा को एक सामाजिक परिघटना, एक संरचित प्रणाली समझा जाना चाहिए।

**तर्क (R) :** भाषा को समकालिक रूप में भी देखा जा सकता है और ऐतिहासिक रूप में भी।

**कूट :**

(1) (A) तथा (R) दोनों गलत हैं। (2) (A) तथा (R) दोनों सही हैं।

(3) (A) सही है, किंतु (R) गलत है। (4) (A) गलत है, और (R) सही है।

39. **अभिकथन (A) :** मौखिक व्यवहार, प्रकार्यवाद, भूमिका निर्वाह और अहम् तंत्र की ओर झुकाव रखने वाले संदर्भात्मक लोक वार्ताकारों ने इन परिदृश्यों को लोकवार्ता परंपरा में प्रयुक्त किया है।

**तर्क (R) :** संदर्भात्मक अध्ययन का उद्देश्य विशिष्ट सामाजिक अनुभव के व्यक्तिपरक की जगह संपूर्णतापरक अध्ययन को प्रयोग में लाना है।

**कूट :**

(1) (A) गलत है और (R) सही है। (2) (A) सही है और (R) गलत है।

(3) (A) और (R) दोनों गलत हैं। (4) (A) और (R) दोनों सही हैं।

Prepp
Your Personal Exams Guide

40. **Assertion (A) :** Jainism does not believe in Supreme Being as a creator or destroyer deity.

**Reason (R) :** Jainism has been described as a trans - theistic religion referring to a system of thought which is neither theistic, nor atheistic, but is beyond them.

**Code :**

(1) Both (A) and (R) are false.
(2) Both (A) and (R) are true.
(3) (A) is true and (R) is false.
(4) (A) is false and (R) is true.

41. **Assertion (A) :** Derrida uses the term 'difference' to describe the origin of presence and absence.

**Reason (R) :** 'Difference' may be the condition for that which is deferred, and may be the condition for that which is different.

**Code :**

(1) (A) is false and (R) is true.
(2) (A) and (R) are false.
(3) (A) is true and (R) is false and (R) is not the correct explanation.
(4) (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation.

42. Identify the correct group of folk dance performances of the state of Punjab.

(1) Teej, Saag, Bhangra, Dhumal
(2) Bagurumba, Jagar, Giddha, Garba
(3) Bhangra, Giddha, Jhumar, Kikkli
(4) Dindi, Bhangra, Jhumar, Gotipua

43. Sequence the mythological Trickster characters - Hermes, Narada, Mercury and Heyoka - with the cultures mentioned below :

(a) Native American
(b) Indian
(c) Roman
(d) Greek

**Code :**

(1) (a), (b), (c), (d)
(2) (a), (c), (d), (b)
(3) (b), (d), (c), (a)
(4) (d), (b), (c), (a)

44. Sequence the festivals according to their occurrence :

(a) Dusserah
(b) Holi
(c) Rathyatra
(d) X - Mas

**Code :**

(1) (b), (c), (a), (d)
(2) (c), (b), (d), (a)
(3) (a), (d), (c), (b)
(4) (d), (c), (b), (a)

Prepp
Your Personal Exams Guide

40. **अभिकथन (A) :** जैन धर्म यह नहीं मानता कि सर्वोच्च शक्ति कोई सृष्टिकर्ता या विनाशक देवता है।

**तर्क (R) :** जैन धर्म को एक परा ईश्वरवादी धर्म माना गया है, जिसमें सोच की ऐसी प्रणाली है, जो न ईश्वरवादी है और न अनीश्वरवादी, बल्कि वह इन दोनों के परे है।

**कूट :**

(1) (A) तथा (R) दोनों गलत हैं।
(2) (A) तथा (R) दोनों सही हैं।
(3) (A) सही है, पर (R) गलत है।
(4) (A) गलत है और (R) सही है।

41. **अभिकथन (A) :** दरिदा उपस्थिति तथा अनुपस्थिति की उत्पत्ति का वर्णन करने के लिए 'डिफरेंस' (अंतर) शब्द का प्रयोग करता है।

**तर्क (R) :** 'डिफरेंस' उसकी अवस्था हो सकती है, जिसका आस्थगन हुआ है और उसकी अवस्था भी हो सकती है जो भिन्न (डिफरेंट) है।

**कूट :**

(1) (A) गलत है, किंतु (R) सही है।
(2) (A) तथा (R) दोनों गलत हैं।
(3) (A) सही है, किंतु (R) गलत है और (R) सही व्याख्या नहीं है।
(4) (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या है।

42. पंजाब के लोक नृत्यों के सही समूह की पहचान करें।

(1) तीज, साग, भांगड़ा, धमाल
(2) बागुरंबा, जगार, गिद्दा, गरबा
(3) भांगड़ा, गिद्दा, झूमर, किकली
(4) डिंडी, भांगड़ा, झूमर, गोटिपुआ

43. यहाँ दिए मिथकीय छली चरित्रों को नीचे लिखी उनकी संस्कृति से सुमेलित करें - हर्मेस, नारद, मरकरी और हियोका

(a) मूल अमेरिकी
(b) भारतीय
(c) रोमन
(d) यूनानी

**कूट :**

(1) (a), (b), (c), (d)
(2) (a), (c), (d), (b)
(3) (b), (d), (c), (a)
(4) (d), (b), (c), (a)

44. निम्नलिखित त्योहारों को उनके आयोजन के क्रम में दर्शाएं :

(a) दशहरा
(b) होली
(c) रथयात्रा
(d) क्रिसमस

**कूट :**

(1) (b), (c), (a), (d)
(2) (c), (b), (d), (a)
(3) (a), (d), (c), (b)
(4) (d), (c), (b), (a)

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

45. Sequence of the Epic heroes - Rama, Hanuman, Krishna and Vishnu - who killed the following she-demons in Hindu mythology :

(a) Lankhini (b) Holika (c) Puthana (d) Tataki

Code :

(1) (a), (b), (c), (d) (2) (b), (d), (c), (a)

(3) (d), (a), (c), (b) (4) (d), (b), (c), (a)

46. Sequence of the lingo of the folk communities that the following scholars worked with :

(a) Birendranath Datta (b) Kailasapathy

(c) Paramashivaiah (d) Wanjana Bedi

Code :

(1) Oriya, Tamil, Assamese, Kannada

(2) Assamese, Tamil, Kannada, Punjabi

(3) Oriya, Kannada, Tamil, Assamese

(4) Assamese, Oriya, Kannada, Tamil

Prepp Your Personal Exam Guide

47. Sequence the following concepts with the Scholars - Clifford Geertz, Roland Robertson, Jean Baudrillard, David Harvey :

(a) Constructionalism (b) Glocalisation

(c) Hyper reality (d) Post - fordism

Code :

(1) (a), (b), (c), (d) (2) (b), (c), (d), (a) (3) (a), (b), (d), (c) (4) (c), (d), (a), (b)

48. Sequence the literary Devices - Antecedent, Archetype, Eulogy, Hyperbole - with the following usage :

(a) Exaggeration (b) Refers back (c) Praise (d) Universal Pattern

Code :

(1) (a), (b), (c), (d) (2) (b), (d), (c), (a)

(3) (d), (a), (c), (b) (4) (d), (b), (c), (a)

49. Identify the correct group of phonological cues which form the oral texture.

(1) Stress shift, Gesticulation, Amplitude, Beckon

(2) Gesticulation, Cadence, Allusion, Cacophony

(3) Stress shift, Intonation, Amplitude, Tone

(4) Euphony, Assonance, Synecdoche, Anaphora

Prepp
Your Personal Exams Guide

45. महाकाव्यों के नायक – राम, हनुमान, कृष्ण तथा विष्णु ने हिंदू मिथकों में मौजूद निम्नलिखित राक्षसिनियों का जिस क्रम में वध किया था, उसे कूट की सहायता से दर्शाएं :

(a) लंकिणी (b) होलिका (c) पूतना (d) तातकी

**कूट :**

(1) (a), (b), (c), (d) (2) (b), (d), (c), (a)
(3) (d), (a), (c), (b) (4) (d), (b), (c), (a)

46. निम्नलिखित विद्वानों ने जिन लोक समुदायों के साथ काम किया, उनकी भाषा का सही अनुक्रम :

(a) बीरेंद्रनाथ दत्ता (b) कैलाशपति
(c) परमाशिवैया (d) वंजना बेदी

**कूट :**

(1) ओडिया, तमिल, असमी, कन्नड़
(2) असमी, तमिल, कन्नड़, पंजाबी
(3) ओडिया, कन्नड़, तमिल, असमी
(4) असमी, ओडिया, कन्नड़, तमिल

47. यहाँ दिए विद्वानों क्लिफर्ड ग्रीट्ज, रोलैंड राबर्ट्सन, ज्यां बोद्रिया, डेविड हार्वे को निम्नलिखित अवधारणाओं से सुमेलित करें :

(a) संरचनावाद (b) ग्लोकेलाइजेशन
(c) अति यथार्थ (d) उत्तर फोर्डवाद

**कूट :**

(1) (a), (b), (c), (d) (2) (b), (c), (d), (a) (3) (a), (b), (d), (c) (4) (c), (d), (a), (b)

48. साहित्यिक युक्ति – पूर्वपद, आद्य प्ररूप, प्रशस्ति तथा अतिशयोक्ति को निम्नलिखित से सुमेलित करें :

(a) बढ़ा चढ़ा कर कहना (b) पूर्व संदर्भ (c) तारीफ (d) सार्विक ढांचा

**कूट :**

(1) (a), (b), (c), (d) (2) (b), (d), (c), (a)
(3) (d), (a), (c), (b) (4) (d), (b), (c), (a)

49. मौखिक ढांचे का निर्माण करने वाले ध्वनि संकेतों के सही समूह की पहचान करें।

(1) बलाघात अंतरण, भंगिमा, आयाम, इशारा
(2) भंगिमा, श्रवण संकेत, संकेतित प्रसंग, कर्कश ध्वनि
(3) बलाघात अंतरण, स्वरोच्चारण, आयाम, ध्वनिगुण
(4) सुश्रव्यता, स्वरावृत्ति, अंगांगिवाचन, स्थानिक

Prepp
Your Personal Exams Guide

50. Sequence of Scholars who gave performance turn to the study of culture, is :
   (1) Arnold van Gennep, Victor Turner, Milton Singer
   (2) Ben Amos, Roger Abrahams, Richard Bauman
   (3) John Foley, Alan Dundes, Mary Douglas
   (4) Stuart Blackburn, Roger Abrahams, Lauri Hanko

51. Sequence the stages in Historic - Geographic method followed for analysing folklore texts :
   (1) Redaction, Variant, Ur - form and Normal form
   (2) Normal form, Redaction, Ur - form and Variant
   (3) Variant, Redaction, Normal form and Ur - form
   (4) Ur - form, Normal form, Variant and Redaction

52. Sequence the Goddess - Durga, Saraswati, Lakshmi, Ganga - with their vehicles :
   (a) Crocodile (b) Lion (c) Owl (d) Swan
   Code :
   (1) (a), (b), (c), (d) (2) (b), (d), (c), (a)
   (3) (d), (a), (c), (b) (4) (d), (b), (c), (a)

53. Identify the correct group of Folklorists.
   (1) Bauman, Frazer, James Mill, Toynbee
   (2) Bauman, Max Muller, Ricardo, Dundes
   (3) Ben Amos, Roger Abrahams, Homi Bhabha, Stuart Hall
   (4) Don Yoder, Richard Dorson, Barre Toeken, Milman Parry

54. Sequence of the Scholars who are connected with Evolutionary Theory :
   (a) Lewis Henry Morgan (b) Alfred Kroeber
   (c) Franz Boas (d) Edward Burnett Tylor
   Code :
   (1) (a), (b), (c), (d) (2) (a), (c), (b), (d) (3) (d), (a), (c), (b) (4) (d), (b), (a), (c)

55. Sequence the Gods - Agni, Kubera, Shani, Yama - with their vehicles :
   (a) Water Buffalo (b) Man (c) Crow (d) Goat
   Code :
   (1) (a), (b), (c), (d) (2) (b), (d), (c), (a)
   (3) (d), (a), (c), (b) (4) (d), (b), (c), (a)

50. विद्वानों का अनुक्रम जिन्होंने संस्कृति के अध्ययन की दिशा बदल दी, इस प्रकार है :
(1) आर्नल्ड वान गेनेप, विक्टर टर्नर, मिल्टन सिंजर
(2) बेन एमोस, रोजर अब्राहम्स, रिचर्ड बाउमैन
(3) जॉन फोले, एलन डूंडीस, मेरी डगलस
(4) स्टुअर्ट ब्लैकबर्न, रोजर अब्राहम्स, लौरी हांको

51. लोकवार्ता के पाठ के विश्लेषण की ऐतिहासिक – भौगोलिक पद्धति के विभिन्न चरणों का सही अनुक्रम होगा :
(1) संपादन, पाठ भेद, आदि रूप, सामान्य रूप
(2) सामान्य रूप, संपादन, आदि रूप, पाठ भेद
(3) पाठ भेद, संपादन, सामान्य रूप, आदि रूप
(4) आदि रूप, सामान्य रूप, पाठ भेद, संपादन

52. यहाँ लिखित देवियों – दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी तथा गंगा को उनके वाहनों से सुमेलित करें :
(a) मगर (b) सिंह (c) उल्लू (d) हंस

**कूट :**
(1) (a), (b), (c), (d) (2) (b), (d), (c), (a)
(3) (d), (a), (c), (b) (4) (d), (b), (c), (a)

53. लोकवार्ताकारों के सही समूह की पहचान करें।
(1) बाउमैन, फ्रेजर, जेम्स मिल, ट्वायनबी
(2) बाउमैन, मैक्स मूलर, रिकार्डो, डूंडीस
(3) बेन एमोस, रोजर अब्राहम्स, होमी भाभा, स्टुअर्ट हाल
(4) डॉन योडर, रिचर्ड डार्सन, बर्रे टोयकन, मिलमन पैरी

54. विकासवादी सिद्धांत से संबद्ध विद्वानों का अनुक्रम :
(a) लेविस हेनरी मोर्गन (b) अल्फ्रेड क्रोएबर
(c) फ्रैंज बोअस (d) एडवर्ड बर्नेट टायलर

**कूट :**
(1) (a), (b), (c), (d) (2) (a), (c), (b), (d) (3) (d), (a), (c), (b) (4) (d), (b), (a), (c)

55. इन देवताओं – अग्नि, कुबेर, शनि तथा यम को नीचे दिए उनके वाहनों से सुमेलित करें :
(a) महिष (b) मनुष्य (c) कौवा (d) बकरी

**कूट :**
(1) (a), (b), (c), (d) (2) (b), (d), (c), (a)
(3) (d), (a), (c), (b) (4) (d), (b), (c), (a)

56. Which one is the correct sequence of the Scholars associated with the concepts ?

(a) Oral Literature (b) Individuation

(c) Tradition - bearer (d) Verbal art

**Code :**

(1) Carl Jung, Von Sydow, Robert Redfield, William Bascom

(2) William Bascom, Robert Redfield, Von Sydow, Carl Jung

(3) Robert Redfield, Carl Jung,Von Sydow, William Bascom

(4) Robert Redfield, William Bascom, Von Sydow, Carl Jung

57. Sequence the key steps in ethnographic research :

(1) Participant observation, Field notes, Interviewing, Research write-up

(2) Participant observation, Research question, Research write-up

(3) Non-participant observation, Interviewing, Research write-up

(4) Research question, observation of participation, Field notes, Interview

58. Sequence the terms - Alterity, Glocalization, Grand narrative and Hyperreality - coined by the scholars :

(a) Baudrillard (b) Lyotard (c) Robertson (d) Althusser

**Code :**

(1) (c), (b), (d), (a) (2) (a), (c), (d), (b)

(3) (d), (c), (b), (a) (4) (a), (c), (b), (d)

59. Arrange the phobias - pneumatiphobia, phasmophobia, Hagiophobia, Zeusophobia in the correct order :

(a) Fear of God (b) Fear of Saints

(c) Fear of Ghosts (d) Fear of Spirits

**Code :**

(1) (a), (c), (b), (d) (2) (d), (c), (b), (a) (3) (a), (b), (c), (d) (4) (d), (b), (c), (a)

60. Give the correct sequence of the Propp's functions in Villainy :

(a) Kidnapping a person (b) The threat of cannibalism

(c) Declaration of war (d) False Substitution

**Code :**

(1) (b), (a), (d), (c) (2) (c), (d), (a), (b) (3) (b), (c), (a), (d) (4) (a), (d), (b), (c)

Prepp
Your Personal Exams Guide

56. निम्नलिखित अवधारणाओं से संबद्ध विद्वानों का सही अनुक्रम क्या है ?

(a) मौखिक साहित्य  (b) व्यष्टीयन

(c) परंपरा-वाहक  (d) वाचिक कला

कूट :

(1) कार्ल युंग, वान सिडो, राबर्ट रेडफील्ड, विलियम बास्कम

(2) विलियम बास्कम, राबर्ट रेडफील्ड, वान सीडो, कार्ल युंग

(3) राबर्ट रेडफील्ड, कार्ल युंग, वान सीडो, विलियम बास्कम

(4) राबर्ट रेडफील्ड, विलियम बास्कम, वान सीडो, कार्ल युंग

57. नृजातीय शोध के प्रमुख चरणों का सही अनुक्रम क्या है ?

(1) सहभागी प्रेक्षण, क्षेत्र नोट, साक्षात्कार, शोध लेखन

(2) सहभागी प्रेक्षण, शोध प्रश्न, शोध लेखन

(3) गैर सहभागी प्रेक्षण, साक्षात्कार, शोध लेखन

(4) शोध प्रश्न, सहभागी प्रेक्षण, क्षेत्र नोट, साक्षात्कार

58. निम्नलिखित विद्वानों द्वारा प्रचलित किए गए पदों - अन्यता, ग्लोकेलाइजेशन (वैश्व-स्थानिकीकरण), महा आख्यान तथा अति यथार्थ-को सुमेलित कर उनका सही अनुक्रम दर्शाएं :

(a) बोद्रिया  (b) ल्योतार  (c) राबर्टसन  (d) अल्थूसे

कूट :

(1) (c), (b), (d), (a)  (2) (a), (c), (d), (b)

(3) (d), (c), (b), (a)  (4) (a), (c), (b), (d)

59. इन दुर्भीत्तियों के अनुसार निम्नलिखित को सही क्रम दीजिए - अदृश्य दुर्भीति, भूत दुर्भीति, संत दुर्भीति, देव दुर्भीति :

(a) देवताओं का भय  (b) संतों का भय

(c) प्रेतों का भय  (d) आत्माओं का भय

कूट :

(1) (a), (c), (b), (d)  (2) (d), (c), (b), (a)  (3) (a), (b), (c), (d)  (4) (d), (b), (c), (a)

60. खलनायकत्व में प्रॉप के प्रकार्य का सही अनुक्रम दर्शाएं :

(a) किसी व्यक्ति का अपहरण  (b) नरभक्षण की धमकी

(c) युद्ध का उद्घोष  (d) मिथ्या प्रतिस्थापन

कूट :

(1) (b), (a), (d), (c)  (2) (c), (d), (a), (b)  (3) (b), (c), (a), (d)  (4) (a), (d), (b), (c)

Prepp
Your Personal Exams Guide

61. Match the following :

| | List - I | | List - II |
|---|---|---|---|
| (a) | Folktales Told Around the World | (i) | Alan Dundes |
| (b) | Interpreting Folklore | (ii) | Edwin Sidney Hartland |
| (c) | The Ego and the Id | (iii) | R.M. Dorson |
| (d) | The Science of Fairy Tales | (iv) | Sigmund Freud |

**Code :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (2) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (3) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (4) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

62. Match the following :

| | List - I | | List - II |
|---|---|---|---|
| (a) | Exploration | (i) | Trickery |
| (b) | To forbid | (ii) | Unwitting Help |
| (c) | Complicity | (iii) | Interdiction |
| (d) | Deception | (iv) | Reconnaissance |

**Code :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

Prepp Your Personal Exam Guide

63. Match the following :

| | List - I | | List - II |
|---|---|---|---|
| (a) | Naqual | (i) | Odisha |
| (b) | Pandavani | (ii) | Andhra Pradesh |
| (c) | Pala | (iii) | Punjab |
| (d) | Veedhi Natakam | (iv) | Madhya Pradesh |

**Code :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

61. निम्नलिखित को सुमेलित करें :

| | सूची - I | | सूची - II |
|---|---|---|---|
| (a) | फोकटेल्स टोल्ड एराउंड द वर्ल्ड | (i) | एलन डूंडीस |
| (b) | इंटरप्रेटिंग फोकलोर | (ii) | एडविन सिडनी हार्टलैंड |
| (c) | द इगो एंड द इड | (iii) | आर.एम. डार्सन |
| (d) | द साइंस आफ फेयरी टेल्स | (iv) | सिगमंड फ्रायड |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (2) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (3) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (4) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

62. निम्नलिखित को सुमेलित करें :

| | सूची - I | | सूची - II |
|---|---|---|---|
| (a) | खोज | (i) | छल |
| (b) | मना करना | (ii) | बेइरादा मदद |
| (c) | मिली भगत | (iii) | पाबंदी |
| (d) | धोखा | (iv) | टोह (तलाश) |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

63. निम्नलिखित को सुमेलित करें :

| | सूची - I | | सूची - II |
|---|---|---|---|
| (a) | नक़ाल | (i) | उड़ीसा |
| (b) | पांडवानी | (ii) | आंध्र प्रदेश |
| (c) | पाला | (iii) | पंजाब |
| (d) | विधि नाटकम | (iv) | मध्य प्रदेश |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

64. Match the following :

| | List - I | | List - II |
|---|---|---|---|
| (a) | Khomok | (i) | Mask Dance |
| (b) | Bhangra | (ii) | Acrobat performance |
| (c) | Gotipua | (iii) | Harvest Dance |
| (d) | Purulia Chhoi | (iv) | Musical Instrument |

Code :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (2) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

65. Match the following :

| | List - I | | List - II |
|---|---|---|---|
| (a) | Tolubommalata | (i) | Karnataka |
| (b) | Kathputli | (ii) | Andhra Pradesh |
| (c) | Togalugombe atta | (iii) | Assam |
| (d) | Putal Natch | (iv) | Rajasthan |

Code :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (4) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

66. Match the following :

| | List - I | | List - II |
|---|---|---|---|
| (a) | Proverb | (i) | A historical folk narrative |
| (b) | Legend | (ii) | A non - empirical conviction |
| (c) | Shamanism | (iii) | A topic and a comment |
| (d) | Belief | (iv) | A magico - religious practice |

Code :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (2) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (3) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (4) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

Prepp
Your Personal Exams Guide

64. निम्न को सुमेलित करें :

| | सूची - I | | सूची - II |
|---|---|---|---|
| (a) | खोमोक | (i) | मुखौटा नृत्य |
| (b) | भांगड़ा | (ii) | नट प्रदर्शन |
| (c) | गोटिपुआ | (iii) | फसल नृत्य |
| (d) | पुरुलिया छोय | (iv) | वाद्य यंत्र |

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (2) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

65. निम्नलिखित को सुमेलित करें :

| | सूची - I | | सूची - II |
|---|---|---|---|
| (a) | तोलूबोमलता | (i) | कर्णाटक |
| (b) | कठपुतली | (ii) | आंध्र प्रदेश |
| (c) | तोगलुगोंबे अट्टा | (iii) | असम |
| (d) | पुतल नाच | (iv) | राजस्थान |

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (4) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

66. निम्नलिखित को सुमेलित करें :

| | सूची - I | | सूची - II |
|---|---|---|---|
| (a) | लोकोक्ति | (i) | एक ऐतिहासिक लोक आख्यान |
| (b) | दंतकथा | (ii) | अनुभव निरपेक्ष धारणा |
| (c) | शमनवाद | (iii) | एक विषय और टिप्पणी |
| (d) | विश्वास | (iv) | जादुई धार्मिक प्रथा |

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (2) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (3) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (4) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

Prepp
Your Personal Exams Guide

67. Match the following :

| | List - I | | List - II |
|---|---|---|---|
| (a) | Roger Abrahams | (i) | The Way of the Marks |
| (b) | Marcel Mauss | (ii) | Legends of the Punjab |
| (c) | R.C. Temple | (iii) | The Gift |
| (d) | Levi - Strauss | (iv) | Deep Down in the Jungle |

Code :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (4) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

68. Which one of the pair is correctly matched ?

(1) Levi - Strauss - syntagmatic
(2) V. Propp - variable
(3) Stith Thompson - diachronic
(4) Von Sydow - emic

69. Match the following :

| | List - I | | List - II |
|---|---|---|---|
| (a) | Indo - Aryan | (i) | Telugu |
| (b) | Austro - Asiatic | (ii) | Karbi |
| (c) | Sino - Tibetan | (iii) | Bengali |
| (d) | Dravidian | (iv) | Khasi |

Code :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (2) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

70. Which pair is **not** correctly matched that worked on Folktales ?

(1) Antti Aarne and Stith Thomson
(2) Vladimir Propp and Alan Dundes
(3) Max Muller and E.B. Tylor
(4) Jacob Grimm and Wilhelm Grimm

Prepp
Your Personal Exams Guide

67. निम्नलिखित को सुमेलित करें :

| | सूची - I | | सूची - II |
|---|---|---|---|
| (a) | रोजर अब्राहम्स | (i) | द वे ऑफ द मार्क्स |
| (b) | मार्सल मास | (ii) | लीजेंड्स ऑफ द पंजाब |
| (c) | आर.सी. टेंपल | (iii) | द गिफ्ट |
| (d) | लेवी - स्ट्रॉस | (iv) | डीप डाउन इन द जंगल |

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (4) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

68. इनमें से कौन - सा युग्म सुमेलित है ?

(1) लेवी - स्ट्रॉस - विन्यासक्रमात्मक

(2) वी. प्रॉप्प - चर

(3) स्टिथ थॉम्सन - ऐतिहासिक

(4) वॉन सीडोव - व्यवस्थापरक

Prepp Your Personal Exam Guide

69. निम्नलिखित को सुमेलित करें :

| | सूची - I | | सूची - II |
|---|---|---|---|
| (a) | भारोपीय | (i) | तेलुगु |
| (b) | आस्ट्रो - ऐशियायी | (ii) | कर्बी |
| (c) | चीनी - तीब्बतीय | (iii) | बंगला |
| (d) | द्रविड़ियन | (iv) | खासी |

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (2) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

70. लोक कथाओं पर काम करने वाले विद्वानों का कौन–सा युग्म सुमेलित **नहीं** है ?

(1) एंट्टी आर्ने और स्टिथ थोम्सन

(2) व्लादीमीर प्रॉप्प और एलन डूंडीस

(3) मैक्स म्यूलर और ई.बी. टेलर

(4) जेकोब ग्रिम्म और विल्हैम ग्रिम्म

Prepp
Your Personal Exams Guide

71. Match the following :

| | List - I | | List - II |
|---|---|---|---|
| (a) | Sangai festival | (i) | Nagaland |
| (b) | Wangala festival | (ii) | Manipur |
| (c) | Hornbill festival | (iii) | Assam |
| (d) | Amubachi mela festival | (iv) | Meghalaya |

Code :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (2) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (3) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (4) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

72. Which of the pair correctly matched with proverbial scholarship ?

(1) Alan Dundes and Eric From

(2) Permiakov and Wolfgang Mieder

(3) M.B. Emeneau and Jack Zipes

(4) Archer Taylor and Catherine Bell

73. Match the following :

| | List - I | | List - II |
|---|---|---|---|
| (a) | Ollamh | (i) | Scottish Storyteller |
| (b) | Skold | (ii) | Greek Storyteller |
| (c) | Seanchai | (iii) | Irish Storyteller |
| (d) | Rhapsode | (iv) | Scandinavian Storyteller |

Code :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (2) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

71. निम्नलिखित को सुमेलित करे :

| | सूची - I | | सूची - II |
|---|---|---|---|
| (a) | संगाई उत्सव | (i) | नागालैंड |
| (b) | वांगला उत्सव | (ii) | मणिपुर |
| (c) | होर्नबिल उत्सव | (iii) | असम |
| (d) | अमूबाची मेला उत्सव | (iv) | मेघालय |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (2) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (3) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (4) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

72. लोकोक्तियों की विशेषज्ञता के संदर्भ में इनमें से कौन-सा युग्म सुमेलित है?

(1) एलन डूंडीस और एरिक फ्रॉम

(2) परिमियाकोव और वुल्फगैंग मीदर

(3) एम.बी. इमेनियो और जैक ज़िप्स

(4) आर्चर टेलर और केथेरिन बेल

Prepp Your Personal Exam Guide

73. निम्नलिखित को सुमेलित करें :

| | सूची - I | | सूची - II |
|---|---|---|---|
| (a) | ओल्लामा | (i) | स्कॉटलैंड का कथावाचक |
| (b) | स्कॉल्ड | (ii) | यूनान का कथावाचक |
| (c) | सींचाई | (iii) | आयरलैंड का कथावाचक |
| (d) | रेप्सोड | (iv) | स्कैंडिनेविया का कथावाचक |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (2) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

www.prepp.in

74. Which one of the pair is **not** currectly matched ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | Kalevepoeg | - | Finnish |
| (2) | Byliny | - | Russian |
| (3) | Shahnama | - | Iranian |
| (4) | Nibelungenlied | - | Germany |

75. Match the following :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Homi K. Bhabha | (i) | Transcendental signifier |
| (b) | Derrida | (ii) | End of metanarratives |
| (c) | Lyotard | (iii) | Meta - Anthropology |
| (d) | James Clifford | (iv) | Ambivalence |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (2) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (3) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

- o O o -

Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

74. इनमें से कौन सा युग्म सुमेलित **नहीं** है ?

(1) कालेविपोएग – फिन्निश

(2) बिलिनी – रूसी

(3) शाहनामा – इरानी

(4) निबेलुंगेंलीड – जर्मन

75. निम्नलिखित को सुमेलित करें :

| **सूची – I** | | **सूची – II** | |
|---|---|---|---|
| (a) | होमी के. भाभा | (i) | अनुभवातीत संकेतक |
| (b) | देरिदा | (ii) | अधि आख्यानों का अंत |
| (c) | ल्योतार | (iii) | अधि नृजातिवर्णन विज्ञान |
| (d) | जेम्स क्लिफोर्ड | (iv) | उभयवर्तिता |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (2) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (3) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

- o O o -

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Space For Rough Work

Prepp
Your Personal Exam Guide